आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.10.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा— आज का भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और रुकने को तैयार नहीं है।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'आदि कर्मयोगी अभियान' के दौरान आदिवासी परंपराओं के अनुसार प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।
- सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सभी से त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों को खरीदने की अपील की।
- श्री केदारनाथ धाम के क्षेत्ररक्षक भकुंट भैरवनाथ जी के कपाट शीतकाल के लिए बंद किये गए। दीपावली पर चारों धामों को कई क्विंटल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया।
- प्रदेश में प्रकाश पर्व दीपावली की धूम। चारों ओर रंग—बिरंगी सजावट और लोगों की ख़रीदारी से बाजार गुलजार।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा— आज का भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और रुकने को तैयार नहीं है। श्री मोदी ने एक निजी टीवी चैनल के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत चिप्स से लेकर जहाजों तक, हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया भारत को एक विश्वसनीय, ज़िम्मेदार और लचीले साझेदार के रूप में देखती है।

आदि कर्मयोगी अभियान

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आदि कर्मयोगी अभियान प्रत्येक आदिवासी गाँव को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। नई दिल्ली में आदि कर्मयोगी अभियान के राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने यह बात कही।

विरासत मेला

देहरादून में आयोजित प्रसिद्ध विरासत मेले में इस बार सूचना एवं लोक संपर्क विभाग का स्टॉल लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी और युवा पहुंचकर राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

विभाग की ओर से स्टॉल पर प्रदर्शित डिजिटल स्क्रीन, पोस्टर, वीडियो और इंटरेक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से आगंतुकों को केंद्र और राज्य योजनाओं की जानकारी सरल और रोचक ढंग से दी जा रही है।

युवाओं का कहना है कि इस तरह के प्रदर्शन न केवल जानकारीपूर्ण होते हैं बल्कि प्रेरणादायक भी हैं, क्योंकि इससे सरकार की उपलब्धियों और जनहित में किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी मिलती है।

आगंतुकों ने विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मेले में लगाए गए ऐसे जन–जागरूकता स्टॉल जनता तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाने का एक प्रभावी माध्यम हैं।

भैरवनाथ

श्री केदारनाथ धाम के क्षेत्ररक्षक भकुंट भैरवनाथ जी के कपाट धनतेरस के अवसर पर विधिवत पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। कपाट बंद होने से पहले श्री केदारनाथ मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई तथा भोग अर्पित किया गया।

भैरवनाथ जी के कपाट बंद होने के साथ ही श्री केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की तैयारियाँ तथा पंचमुखी डोली की पूजा–अर्चना की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट 23 अक्टूबर को शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।

वहीं, उत्तरकाशी स्थित गंगोत्री धाम के कपाट 22 अक्टूबर को तथा यमुनोत्री धाम के कपाट 23 अक्टूबर को श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे।

इस बीच, दीपावली के अवसर पर चारों धामों को पुष्पों और रंग–बिरंगी रोशनियों से भव्य रूप से सजाया गया है, और यात्रा के अंतिम चरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं।

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राजपुर रोड स्थित एक निजी होटल में 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए श्री जोशी ने कहा कि "स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" के आह्वान से देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को जीएसटी में छूट देकर बड़ा उपहार दिया है। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि "महिलाओं का सशक्तिकरण ही परिवार और समाज को मजबूत बनाता है।

राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर नागरिक अब वोकल फॉर लोकल की भावना से जुड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है।

दीपावली

प्रकाश पर्व दीपावली पर शहर से लेकर गांवों तक रौनक छाई हुई है। हर कोई इस त्योहार को पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाने में जुटा है। इसके लिए लोगों ने घरों, सरकारी दफ्तरों, निजी संस्थानों और दुकानों की रंग–रोगन और साफ–सफाई की है। इस दौरान निजी संस्थानों, बाजारों और घरों को रंगोली, फूलों और रंग–बिरंगी रोशनियों से सजाया गया है।

चारों ओर दीपों की जगमगाहट और रंग–बिरंगी सजावट ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया है। दीपावली के अवसर पर लोग जमकर ख़रीदारी कर रहे हैं। कल धनतेरस पर बाजारों में विशेष रूप से खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के अलावा छोटे स्तर पर व्यापार करने वाले लोग, जैसे कुम्हार, कारीगर और दिवाली का सामान बनाने वाले घरेलू उत्पादक भी बड़े पैमाने पर अपने सामान की बिक्री कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "वोकल फॉर लोकल" अभियान के तहत लोग स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। इस दौरान मिट्टी के दीये, लक्ष्मी–गणेश की प्रतिमाएं, घर की सजावट का सामान, फूल–पत्तियां, पूजा का सामान, बिजली की रंग–बिरंगी लड़ियां, मिठाई–नमकीन, कपड़े, हैंडीक्राफ्ट आइटम्स, उपहार की वस्तुएं और अन्य घरेलू उत्पादों की भारी मांग देखी गई। इससे स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों में काफी उत्साह है।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप के अनावरण की खबर को सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र प्रकाशित किया है। इस खबर पर नवोदय टाइम्स रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से लिखता है– पाक की एक–एक इंच जमीन ब्रह्मोस की जद में।

आदि कैलाश यात्रा पर इस वर्ष अबतक रिकॉर्ड 31 हजार 187 श्रद्धालु पहुंचे– राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी।

भारत–अमेरिका रिश्तो पर हिन्दुस्तान लिखता है– ट्रंप फिर बोले, रूस से अब तेल नहीं खरीदेगा भारत।

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के विशेष सत्र पर अमर उजाला की सुर्खी है– विधानसभा के विशेष सत्र में राष्ट्रपति को किया आमंत्रित।